## एक नजर में

### निराश्रितों को भोजन करवाकर गुरु देव को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**शाजापुर, 22 जुलाई .** मंगलवार को नगर के श्री सिद्धाचल वीरमणि महातीर्थ धाम सेवा समिति के सदस्यों ने जैन युवक महासंघ के बैनरतले पूज्य जैनाचार्य श्रीवीररत्न सुरीश्वरजी महाराजा का द्वितीय पुण्य स्मरण महोत्सव मनाया . इस दौरान जहां दिन में निराश्रितों को भोजन वितरित किया गया . वहीं रात्रि के समय वीरमणि तीर्थ धाम पर परमात्मा व गुरुदेव की महाआरती की गई. जैन युवक महासंघ जिलाध्यक्ष एवं तीर्थ सेवा समिति प्रमुख मंगल नाहर ने बताया कि मालवांचल में 280 से अधिक जैन मंदिर, आराधना भवनों के प्रणेता परम उपकारी पूज्य गुरुदेव श्री वीररत्न सुरीश्वरजी द्वारा शाजापुर पर विशेष कृपादृष्टि रखते हुए दो भव्य जिनालयों का निर्माण नगर में करवाया गया है. गुरुदेव की स्वप्नस्थली लालघाटी स्थित श्री सिद्धाचल वीरमणि महातीर्थ धाम उनकी धर्म यात्रा का अंतिम पड़ाव था . जहां दो वर्ष पूर्व साल 2023 में तीर्थ धाम की प्रतिष्ठा महोत्सव के उपरांत इंदौर में आयोजित चातुर्मास के दौरान दिनांक 14 जुलाई को गुरुदेव का काल धर्म हो गया था . तिथि के अनुसार इस वर्ष 22 जुलाई मंगलवार को गुरुदेव का द्वितीय पुण्य स्मरण महोत्सव मनाया गया . इस अवसर पर अखंड आश्रम पर समिति सदस्य सौरभ नारेलिया, अंकित जैन, विरेन्द्र जैन, युवक महासंघ नगर अध्यक्ष मयंक जैन, पराग गोलेछा, समक्ष गोलेछा, कनिष्क जैन, सुजल जैन सहित अन्य सदस्यों द्वारा निराश्रितजनों को भोजन वितरण किया गया . वहीं शाम 7 .30 बजे आकर्षक दीप सज्जा की जगमगाहट के साथ तीर्थ धाम पर विराजित परमात्मा एवं पूज्य आचार्यदेव की भक्तिभाव सहित महाआरती की गई . इस दौरान बड़ी संख्या में सदस्य एवं समाजजन उपस्थित रहे .

### गरज-चमक के साथ हुई बूंदाबांदी, झमाझम का इंतजार




**शाजापुर, 22 जुलाई .** पिछले एक सप्ताह से शहर में बरसात नहीं हुई, लेकिन मंगलवार को आसमान पर छाए बादलों की गर्जना ने उम्मीद बंधाई है . मौसम विभाग द्वारा भी देर शाम या रात में तेज बारिश को लेकर संभावना जताई है . मंगलवार शाम करीब 4 .30 बजे से आसमान पर छाए काले बादलों की गरज चमक जारी है . करीब एक सप्ताह पहले करीब आधे घंटे तक सामान्य बारिश हुई थी . जिससे मौसम में ठंडक घुल गई थी, लेकिन इसके बाद से आसमान साफहै और बारिश तो दूर बूंदाबांदी भी नहीं हुई है . मंगलवार को भी दिन की शुरूआत तेज धूप व उमस के साथ हुई थी . इस दिन अधिकतम तापमान भी 32 .3 व न्यूनतम तापमान 25 .2 तक दर्ज किया गया था . शाम करीब 4 .30 बजे आसमान पर बादल छा गए और बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक हल्की बूंदाबांदी में इजाफा नहीं हुआ . मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि नया सिस्टम एक्टिव हुआ है . संभावना है देर शाम या देर रात को सामान्य या हल्की बारिश हो . उन्होंने बताया कि यदि सिस्टम एक्टिव रहा, तो नगर में दो से तीन घंटे तेज बारिश हो सकती है, जिससे गर्मी से भी राहत मिलेगी . इसके बाद नगर में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा .

### ढाई लाख रुपए ले चुका लाइनमेन, फिर भी गांव में अंधेरा



**शाजापुर, 22 जुलाई .** जिले के ग्राम मंडोदा के रहवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लाइनमेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि एक माह से गांव के 500 लोग अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं . लाइनमेन किश्तों में हम लोगों से ढाई लाख रुपए ले चुका है, लेकिन गांव में अभी तक डीपी नहीं लगाई गई है. शाजापुर जिले के मंडोदा गांव की मूलचंद नगर बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का गंभीर संकट है . एक महीने पहले बिजली की डीपी जल जाने से 500 लोगों की एससी-एसटी बस्ती अंधेरे में है . ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम को ज्ञापन सौंपा . उनका कहना है कि डीपी बदलवाने के लिए लाइनमेन को किश्तों में लगभग ढाई लाख रुपए दे दिए . लेकिन विद्युत विभाग ने अभी तक नई डीपी नहीं लगाई . ग्रामीणों ने लाइनमेन हेमराज सिसोदिया पर राशि विभाग में जमा न करवाने का आरोप लगाया है . बस्ती में पेयजल और सड़क की भी समस्या है . मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है . ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे . उनकी मुख्य मांग है कि बिजली की डीपी तुरंत बदली जाए और बस्ती में पानी व सड़क की व्यवस्था की जाए .

### 150 घरों में बांटे तुलसी के पौधे



**शाजापुर, 22 जुलाई .** विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति ने शाजापुर जिले के मक्सी प्रखंड में 150 गमलों में तुलसी के पौधे तैयार कर बांटे . प्रांत सेवा प्रमुख वैजयंती दीक्षित ने बताया कि श्रावण मास के पवित्र अवसर पर इन पौधों का वितरण किया गया . कार्यक्रम में भजन .कीर्तन का आयोजन भी किया गया . शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित घरों में कार्यकर्ताओं ने पौधों का वितरण किया . इस अभियान का उद्देश्य नई मातृ शक्तियों को संगठन से जोड़ना भी है . कार्यक्रम में जिला संयोजिका मनीषा पांडे, जिला सह संयोजिका नंदनी भावसार, प्रखंड संयोजिका सागर पाटीदार, सह संयोजिका मंजू भावसार और सुमन पांडे मौजूद रहीं . इसके अलावा खंड संयोजिका संगीता पाटीदार, मीना सोनी, गायत्री दुबे, अलका पाटीदार, ज्योति पाटीदार, शारदा वर्मा, भगवंता लोधी और पदमा लोधी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं .

# वर्षा की खेंच, फसलों पर छाए संकट के बादल

## कृषि विशेषज्ञों ने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर देखी फसलों की सेहत, किसानों को बताए फसल बचाव के तरीके

**शाजापुर, 22 जुलाई. क्षेत्र में वर्षा की खेंच ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. प्रतिदिन आसमान पर बादल तो छा रहे हैं लेकिन बिन बरसे ही या बूंदाबांदी करके लौट जाते हैं. वर्षा की कमी से जहां एक तरफ जलस्रोत रीते पड़े हुए हैं तो दूसरी ओर बोई गई सोयाबीन फसल पर संकट के बादल छा गए हैं. यदि जल्द ही पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो सोयाबीन की सेहत पर विपरित असर पड़ सकता हैं. इधर फसलों में कीट व्याधियों का भी प्रकोप देखा जाने लगा है.**

कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर एवं किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग शाजापुर की संयुक्त टीम जिसमें प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. जीआर अम्बावतिया, उपसंचालक कृषि आर एल जामरे, केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड, डॉ. मुकेशसिंह एवं विजय गामी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ने जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया तथा फसलों की स्थिति को देखा.



**ग्रामीणों से की चर्चा...**

विशेषज्ञों की टीम द्वारा जिले के ग्राम बिरगोद, बटवाड़ी, बेरछा, रंथभंवर, टाडा, तिलावद गोविन्द, सुनेरा पनवाड़ी, बरवाल, गिरवर, पतौली, भदौनी आदि ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने कई किसानों से चर्चा भी की. किसान के खेतों पर भ्रमण के बाद किसानों को वर्षा की कमी से फसलों के बचाव से निपटने के लिए कुछ उपयोगी सलाहें दी.

### बुआई से पिछड़े किसान मूंग-उड़द बो सकते है

जिले में कई अच्छी वर्षा हुई तो कई जगह अपर्याप्त वर्षा हुई है, ऐसे में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि जो किसान भाई अभी तक बोनी नही कर पाए हैं वह 31 जुलाई तक उड़द एवं मूंग की बोनी कर सकते हैं, इससे दलहनी फसलों की बुआई का रकबा भी बढ़ेगा वहीं फसल चक्र में परिवर्तन भी हो सकेगा .

### किसान ये करें उपाय...

जहां पर भी अपर्याप्त वर्षा हुई है वहां पर तथा जहां फसलों में कीट व्याधी हैं उनके लिए विशेषज्ञों की टीम ने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि कुएं या अन्य कोई सिंचाई का साधन उपलब्ध होने पर हल्की सिंचाई मिनी स्प्रिंकलर से करें . खरपतवारों की पलवार या भूसा ( सोयाबीन या गेहूं ) उपलब्ध हो तो दो लाइनों के बीच में बिछाकर मल्चिंग करें ताकि नमी का संरक्षण हो . सोयाबीन 15 दिनों से ज्यादा की हो चुकी है ऐसे किसान भाई खेतो में ट्रेक्टर चालित, बैल चालित, हस्त चालित डोरा चलाकर नमी संरक्षित करें . वर्तमान समय को देखते हुए सोयाबीन की फसल में तना मक्खी कीट लगने की आशंका है इसके नियंत्रण हेतु खेतो की निगरानी रखे और तना मक्खी का प्रकोप होने पर इमिडाक्लोप्रिड दवा 125 एमएल प्रति हेक्टर या थायो मेथोक्साम दवा 350 एमएल प्रति हेक्टर 600 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करे . दवा छिड़कते समय बीडी, जर्दा या अन्य वस्तुऐं न खाएं . कीटनाशी दवा खरीदते समय पक्का बिल जरूर लें . दवा छिड़कते समय स्प्रेयर को पानी से धोकर अच्छी तरह साफ करें . दवा का छिड़काव हमेशा हवा की दिशा में ही करें ताकि दवा की बूंदे शरीर पर न पड़े . दवा छिड़कते समय हाथ में दस्ताने, आंख मे चश्मा पहने एवं नाक को कपड़े से ढककर रखे .

# आज घर-घर होगा पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक

### शहरवासी धूमधाम से मनाएंगे श्रावण माह की शिवरात्रि

**शाजापुर, 22 जुलाई. 23 जुलाई को सावन माह की शिवरात्रि है. गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस दिन पूरा शहर शिवमय होगा और घर-घर महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा. इसके लिए तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जाने लगा है.**



बता दें कि कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनके अभिषेक व पूजन की विधि बताई गई है. साथ ही लोगों से अनुरोध भी किया है कि वे इस दिन महादेव का पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन करें, जिसके चलते हर घर में शिवलिंग बनाने के साथ-साथ पूजन की भी तैयारी की जा रही है. पं. मिश्रा द्वारा पूजन की विधि भी बताई गई है, जिसे श्रद्धालु सोशल मीडिया के माध्यम से घर-घर पहुंचा रहे हैं.

**बाजारों में उमड़ी भीड़...**

कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा सावन माह की महाशिवरात्रि पर कराए जा रहे पार्थिव शिवलिंग के अभिषेक पूजन की तैयारियों को लेकर बाजार में भी रौनक नजर आई. श्रद्धालु पूजन सामग्री खरीदने के लिए बड़ी संख्या में बाजार पहुंचे . भक्तों ने फूल, बिल्व पत्र सहित अन्य सामग्री की खरीदी की. आज भी बाजार में पूजन सामग्री खरीदने के लिए भक्तों की भीड़ बाजार में दिखाई देगी.

### पूजन और अभिषेक सामग्री...

श्रावणी शिवरात्रि पर महादेव का विशेष अभिषेक व पूजन करने के लिए 1 लोटा जल, गेहूं के 21 दाने, धतूरा 1 नग, 7 शमी पत्र, पुष्प और 7 नग लाल गुलाब के फूल, अभिषेक के लिए दूध, दही, घी, शक्कर, इत्र, गंगा जल, चंदन, 3 गोल सुपारी, रोली, पीला चंदन, चावल, मोली, कपूर, 2 देसी घी के दीपक, 2 जनेऊ, लौंग, इलाइची, पान का पत्ता, हल्दी, अबीर, गुलाल, मेहंदी, शिवलिंग बनाने के लिए काली मिट्टी, 5 नग फल, मिठाई और धूप बत्ती से इस दिन महादेव का अभिषेक करें .

## सीएम हेल्पलाइन में शाजापुर जिला प्रदेश में प्रथम

**शाजापुर, 22 जुलाई.** सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शाजापुर जिले ने जून माह की प्रदेश स्तरीय रैंकिग में संपूर्ण मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को बधाई दी है. उल्लेखनीय हैं कि कलेक्टर द्वारा प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की जाकर जिले के समस्त अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए एवं प्रतिदिन सर्वाधिक लंबित शिकायतों वाले विभाग एवं अधिकारियों की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग की जा रही थी, जिसके फलस्वरूप माह जून-2025 में प्राप्त शिकायतों एवं 50 दिवस से अधिक दिवस से लंबित शिकायतों के निराकरण में प्रदेश स्तर से जारी रैंकिग में संपूर्ण प्रदेश में शाजापुर जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है.

## पुलिस ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ



**सोयतकला, 22 जुलाई. पुलिस मुख्यालय एवं मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत पुलिस थाना सोयत कला में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.**

अभियान आगर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र बोयट, एसडीओपी देवनारायण यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा के नेतृत्व में संचालित हुआ. कार्यक्रम में थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा, नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्करराज सिंह जादौन मंचासिन थे. कार्यक्रम में थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्करराज सिंह जादौन ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने कहा नशे के कारण आज कई परिवार बर्बाद हो रहे है. नशे के कारण आज दुर्घटनाएं घटित हो रही है. हमें नशे से दूर रहना चाहिए. अंत में नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई.

# अनाज व्यापारी ने दुकान में लगाई फांसी, सुसाइट नोट मिला



**शाजापुर, 22 जुलाई. नगर के लालघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत लौंदिया रोड सोमवार देर रात एक व्यापारी का शव उसकी दुकान में फांसी पर लटका मिला. यह घटना सोमवार रात करीब 12.30 बजे सामने आई, जब आसपास के लोगों ने दुकान के भीतर शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी.**

मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने मां मुझे माफ कर देना लिखा है. सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. मृतक की पहचान जितेंद्र उर्फ राजा राठौर पिता बाबूलाल राठौर निवासी हरायपुरा के रूप में हुई है. वह अनाज खरीदी-बिक्री का कार्य करता था. मृतक की पहली पत्नी कोरोना में शांत हो गई थी, जिसके बाद उसने दूसरी शादी की थी. तब से वह परेशान चल रहा था.

**सुसाइड नोट में लिखा मां मुझे माफ कर देना**

लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा. जहां से मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. फिलहाल घटना स्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा है की मां मुझे माफकर देना. और पत्नी के बारे में भी कुछ लिखा है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# महिला के घर पहुंचा मुस्लिम युवक, पुलिस ने हिरासत में लिया

### रहवासियों ने दिया कार्रवाई के लिए ज्ञापन, पुलिस ने किया मारपीट का मामला दर्ज

**शाजापुर, 22 जुलाई. लालघाटी थाना क्षेत्र के काशी नगर में सोमवार रात किराए के मकान में रह रही एक हिन्दू महिला के घर मुस्लिम युवक के आने-जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध किया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को महिला ने घर आने से रोक दिया. इसके कुछ देर बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया और महिला को भी थाने लाए. यहां पर क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की.**



जानकारी के अनुसार मुगलपुरा निवासी अमन नाम का युवक नियमित रूप से काशी नगर में अकेली रह रही एक महिला के घर आता-जाता था. इस पर सोमवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच स्थानीय निवासियों और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया. रहवासियों ने बताया कि महिला का बिना विवाह के युवक के साथ रहने से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है. वार्ड क्रमांक 28 के निवासियों ने थाने में ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है. सूचना पर लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे, कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला और एसडीओपी गोपालसिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाला.



### महिला ने पुलिस को घर में आने से रोका...

सोमवार रात को घटना के दौरान पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने में परेशानी का सामना करना पड़ा . महिला ने शुरुआत में पुलिस को घर में प्रवेश नहीं करने दिया . महिला पुलिस की अनुपस्थिति के कारण कार्रवाई में देरी हुई . महिला पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस दोनों को थाने ले आई . पुलिस ने आश्वासन दिया है कि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी . फिलहाल महिला और युवक के खिलाफ मारपीट और 171 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है .

## एक नजर में

### तीन दिन बाद सुलझा डॉक्टर्स और तहसीलदार का विवाद

# पार्किंग के लिए जिला अस्पताल परिसर में गार्डन पर चला बुल्डोजर

**शाजापुर, 22 जुलाई. गत दिनों अतिक्रमण हटाने पहुंचे तहसीलदार और डॉक्टर्स के बीच शनिवार को हुआ विवाद सुलझ गया. इसके बाद मंगलवार को प्रशासन द्वारा जेसीबी से उस बगीचे को उखाड़ दिया गया, जहां गांजे के पौधे उगाए जा रहे थे. इस स्थान पर अब पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी.**



शाजापुर जिला अस्पताल परिसर में मंगलवार दोपहर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. मंदिर के पास अवैध रूप से बनाए गए बगीचे को हटाया गया. कार्रवाई के दौरान एसडीएम मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार हलदर और तहसीलदार सुनील पाटिल मौजूद रहे. साथ ही पटवारी, डॉक्टरों की टीम और पुलिस बल भी तैनात रहा. इससे पहले शनिवार को अतिक्रमण हटाने गए तहसीलदार और डॉक्टर के बीच विवाद हुआ था. इस घटना के बाद प्रशासन ने बड़ी संख्या में अमला तैनात कर कार्रवाई की.

**कौन उगा रहा था गांजे के पौधे**

शनिवार को जिला अस्पताल में अतिक्रमण हटाने गए तहसीलदार ने अस्पताल परिसर में बने बगीचे में लगे गांके के पौधे भी उखाड़े थे. इसे लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि इन पौधों को यहां लगाया किसने था.

### बगीचे की जगह बनेगी वाहन पार्किंग...

सिविल सर्जन डॉ . बीएस मैना ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई . अतिक्रमण हटने के बाद इस स्थान पर पार्किंग बनाई जाएगी . कार्रवाई के दौरान अस्पताल परिसर में हलचल रही . हालांकि कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी . तहसीलदार और डॉक्टरों की टीम के बीच अभी भी तनाव की स्थिति दिखाई दी .

## पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

**शुजालपुर, 22 जुलाई.** पुलिस थाना मंडी क्षेत्र अंतर्गत अंबिका बाजार में अज्ञात बदमाश ने सूने मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. यह घटना गत माह की बताई जा रही है. इस मामले में सोमवार को पुलिस ने मामला दर्ज किया. पुलिस को फरियादी नेहा पिता रामनारायण परमार निवासी ग्राम खेजड़िया ने बताया कि मैं और मेरी बहन निशा दोनों अम्बिका बाजार शुजालपुर मंडी में किराए से रहते हैं तथा 14 जून की शाम को मैं मेरे मामा के यहां कमलिया गई थी तथा मेरी बहन निशा भोपाल ट्रेनिंग के लिए गई थी. जब 16 जून को सुबह वापस कमरे पर आई, तो मैंने मेरा बेग चैक किया, तो उसमे रखा वीवो कंपनी का मोबाईल, सोने की रिंग, चांदी की पायल, 5000 रुपए नगदी नहीं मिले. पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया.